nt>

Title: Need to provide stoppage of express trains at Nasik road station in Maharashtra and also start a new train between Mumbai and Manmad - Laid.

श्री उत्तमराव ढिकले (नासिक) : उपाध्यक्ष महोदय, नासिक शहर महाराट्र में अगले साल 2003 से 2004 तक साल भर कुंभ मेला लगने जा रहा है। उस कुंभ मेले में लाखों की तादाद में साधु-संत और लाखों के तादाद में यात्रीगण नासिक में आने वाले हैं। इसलिए मैं रेल मंत्रालय से निवेदन करना चाहता हूं कि नासिक रोड और औढा स्टेशन का नवीकरण शीघ्र गति से किया जाये और जितनी भी एक्सप्रेस गाड़ियां नासिक रोड स्टेशन से जाती हैं उन गाड़ियों को नासिक रोड स्टेशन पर थंबा (स्टॉपेज) दिया जाये और एक नयी एक्सप्रेस ट्रेन, जो मुम्बई जल्दी सुबह 10-11 बजे पहुंचे और वापिस नासिक शाम को लौटे। ऐसी एक्सप्रेस नयी गाड़ी मनमाड से मुम्बई और मुम्बई से मनमाड शुरू कर दी जाये।